अमर उजाला

ब्रांडेड रैपर में नकली बीड़ी का अवैध कारोबार पकड़ा, दो गिरफ्तार

मुरादाबाद ब्यूरो Updated Mon, 18 Feb 2019 01:47 AM IST

अमरोहा। कोतवाली पुलिस ने नामचीन कंपनियों के रैपर में नकली बीड़ी का अवैध कारोबार पकड़ा है। पुलिस ने छह बोरा बीड़ी, ब्रांडेड कंपनियों के रैपर और तैयार बीड़ी के बंडल बरामद किया है। पुलिस ने बीड़ी और रैपरों को जब्त कर दो युवकों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने युवकों की निशानदेही पर देर रात तक छापेमारी की।

रविवार की शाम इंस्पेक्टर नवाब सिंह को नकली बीड़ी तैयार होने की सूचना मिली थी। इसके आधा पर इंस्पेक्टर ने फोर्स के साथ मोहल्ला सद्दो में छापा मार दिया। पुलिस ने यहां से ब्रांडेड कंपनी रैपर का प्रयोग कर नकली बीड़ी तैयार की जा रही थीं। पुलिस ने मौके से दो लोगों को हिरासत में ले लिया। जबकि मौके पर छह बोरा बीड़ी और नामचीन कंपनियों के रैपर बरामद किए है। इंस्पेक्टर नवाब सिंह ने बताया कि युवकों की निशानदेई पर छापेमारी की जा रही है। नकली बीड़ी का बड़ा खुलासा होने की आशंका है।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/amroha/31550434629-amroha-news?src=fb_share